# कार्यालय जिला पंचायत रायपुर छ0ग0

**जिला मिशन प्रबंधन इकाई (DMMU)**

**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान"**

Ph.No.0771-2426739, Fax No.-2422124, Email-zp-raipur.cg@nic.in

क्रमांक / जि.पं / NRLM-03 / 2025–26 / 3403 रायपुर, दिनांक 30/09/2025

## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत जिला रायपुर के विकासखण्ड स्तर के कुल 05 रिक्त (संविदा) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें क्षेत्रीय समन्वयक का 01 पद आरक्षित वर्ग अनुसूचित जनजाति हेतु कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं होने के कारण उक्त पद हेतु पुनः विज्ञापन जारी किया जा रहा है। उक्त हेतु निम्नलिखित पद व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण के अनुसार संविदा नियुक्ति (एकमुश्त वेतन) हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत निर्धारित प्रारूप में कम्प्यूटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि 15.10.2025 तक कार्यालयीन अवधि में आमंत्रित किए जाते है।

| क्र. | पदनाम | रिक्तियां | संविदा वेतन (एकमुश्त) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय समन्वयक | अ.ज.जा. – 01 | 26,490.00 | शिक्षा– 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा / सर्टिफिकेट।<br><br>अनुभव – स्नातक उपाधि उपरांत ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं में गरीबी उन्मूलन / आजीविका विकास परियोजनाओं में कम से कम 01 वर्ष का गरीबी उन्मूलन / ग्रामीण आजीविका संबंधी क्षेत्र का शासकीय / अर्द्धशासकीय / शासकीय वित पोषित / शासन से अनुदान प्राप्त गैर–शासकीय संस्था से अनुभव। |

टीप :– अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विभाग द्वारा जारी आवश्यक दिशा–निर्देश जिले की वेबसाईट (https://raipur.gov.in) तथा जिला पंचायत रायपुर के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत रायपुर